## संपादकीय

# कांग्रेस की मजबूरी

सोनिया गांधी के अंतरिम अध्यक्ष चुने जाने से कांग्रेस में करीब दो महीने से चला आ रहा गतिरोध फिलहाल समाप्त हो गया है लेकिन पार्टी के सामने मौजूद सारी चुनौतियां आज भी ज्यों की त्यों हैं और उनका समाधान खोजने के लिए ज्यादा वक्त उसके पास नहीं है। पार्टी की असल मुश्किल यह है कि उसके नेता कोई जोखिम उठाने को तैयार नहीं हैं। नया अध्यक्ष चुनने की राह पर बढ़ने के बजाय उन्होंने एक बार फिर नेहरू-गांधी परिवार की शरण में जाना बेहतर समझा।

सोनिया पहले भी संकट की घड़ी में कांग्रेस को उबार चुकी हैं। 1998 से 2017 तक उन्होंने पार्टी का नेतृत्व किया। वर्ष 2004 में चुनाव प्रचार का जिम्मा संभाला और एक नहीं, दो आम चुनावों में कांग्रेस को जीत दिलाई लेकिन इस बार हालात बदले हुए हैं। एक तो उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है, दूसरे कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा छिन्न-भिन्न हो चुका है। पार्टी अपनी जमीनी पकड़ खो चुकी है और दो आम चुनावों के अलावा ज्यादातर राज्यों में भी लगातार हार से कार्यकर्ताओं का मनोबल रसातल में जा चुका है।

सबसे बड़ी बात यह कि देश के बदले सामाजिक-राजनीतिक माहौल में पार्टी का जनता से सीधा संवाद नहीं रह गया है। सतह के नीचे की हरकत यह है कि लोग अब किसी घराने की चमक-दमक से प्रभावित नहीं होते। वे सिर्फ यह देखते हैं किसके साथ उनका मिजाज मिलता है और अपने दुख-सुख का साझा वे उससे कर सकते हैं या नहीं। यानी पार्टियों का सिर्फ चुनाव में नजर आना काफी नहीं है। हर दिन की सक्रियता उनके लिए जरूरी हो गई है। इसके लिए जैसा संगठन उनके पास होना चाहिए, वह कांग्रेस के पास नहीं है। उसके पास ऐसे नेताओं की भारी किल्लत है जिनका आम लोगों में उठना-बैठना हो और जो अपने दम पर पार्टी के लिए वोट जुटा सकें। पार्टी में हर कोई हर बात में आलाकमान का मुंह ताकता है। राहुल गांधी की तमाम विफलताओं के बावजूद इस निर्णायक समझ के लिए उनकी तारीफ करनी होगी कि नेहरू-गांधी परिवार के भरोसे रहना अब कांग्रेस के लिए जानलेवा साबित होगा और अपना वैकल्पिक नेतृत्व उसे हर हाल में चुनना ही होगा।

स्वाभाविक है कि पार्टी के दूसरी-तीसरी पांत के नेता अभी आगे आने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। इस दुविधा से उन्हें बाहर निकालना ही गांधी-नेहरू परिवार की असल परीक्षा है। और यह काम जल्दी होना चाहिए, क्योंकि सोनिया गांधी अगर एक साल भी अंतरिम अध्यक्ष बनी रह गईं तो इसका गलत संदेश जाएगा। अच्छा होगा कि पार्टी किसी युवा नेता को अपना प्रेजिडेंट चुने।

पुरानी परंपरा के अनुसार हर अधिवेशन में अध्यक्ष बदला जा सकता है। मूल बात यह है कि कांग्रेस में एक नई कार्य संस्कृति, नई चमक और उत्साह दिखाई दे। भारतीय लोकतंत्र के लिए कांग्रेस आज भी एक अनिवार्य घटक है। उसमें अगर समय से जान फूंकी जा सकी तो यह देश के भविष्य के लिए अच्छा रहेगा।

# ओलंपिक क्वालीफायर से पहले भारतीय हाकी टीम टेस्ट टूर्नामेंट के लिये तैयार

**तोक्यो।** ओलंपिक टेस्ट प्रतियोगिता से पहले आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला हाकी टीम की कप्तान रानी रामपाल और पुरूष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनकी टीम ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी से भयभीत नहीं होती और दुनिया की किसी भी टीम को हराने की कूव्वत रखती है। ओलंपिक टेस्ट टूर्नामेंट शनिवार को यहां ओई हाकी स्टेडियम में शुरू होगा जिसमें भारतीय पुरूष और महिला दोनों टीमें खेलेंगी। दोनों टीमें एफआईएच ओलंपिक क्वालीफार की तैयारियों में जुटी हैं जो इस साल के अंत में



नवंबर में आयोजित होने हैं। एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर का विजेता 2020 तोक्यो ओलंपिक में अपना स्थान पक्का कर लेगा। विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज पुरूष टीम ओलंपिक टेस्ट प्रतियोगिता में शीर्ष रैंकिंग की टीम है और वह दुनिया की आठवें नंबर की न्यूजीलैंड, 12वीं रैंकिंग की मलेशिया और 16वीं रैंकिंग की जापान से भिड़ेगी। हरमनप्रीत की अगुवाई वाली टीम में कुछ अनुभवी खिलाड़ी मौजूद नहीं होंगे जिन्हें आराम दिया गया है। इससे टीम अपने कप्तान और उप कप्तान मंदीप सिंह से प्रेरणा लेना चाहेगी। हरमनप्रीत ने कहा, ''हमारे पास मलेशिया, जापान और न्यूजीलैंड के खिलाफ युवा खिलाड़ियों को परखने का मौका है। ये अच्छी टीमें हैं और हम अपने मुख्य कोच के हिसाब से अच्छी तरह सामंजस्य बिठा रहे हैं। '' उन्होंने कहा, ''यह हमारे लिये अच्छा टूर्नामेंट होगा, हम अच्छी तरह तैयार हैं और हर मैच को जीतने के इरादे से उतरेंगे। कप्तानी बड़ी जिम्मेदारी है और मैं टीम के लिये अच्छा प्रदर्शन करने के लिये तैयार हूं। '' विश्व रैंकिंग में 10वें नंबर की महिला टीम को हालांकि आस्ट्रेलिया (दूसरी रैंकिंग), चीन (11वीं रैंकिंग) और जापान (14वीं रैंकिंग) से कड़ी चुनौती मिलेगी। इनमें आस्ट्रेलिया सबसे मजबूत होगी जिससे भारतीय टीम पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में 0-1 से मिली हार के बाद से नहीं खेली है। हालांकि रानी का मानना है कि एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में खेलने से पहले बड़ी टीम से खेलने से उनकी टीम को बड़ी चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, ''ओलंपिक टेस्ट प्रतियोगिता में हमें अच्छी चुनौती मिलेगी लेकिन हमें अच्छा करने का भरोसा है। यह कठिन टूर्नामेंट होगा लेकिन हम जानते हैं कि हम दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकते हैं। '' भारतीय टीम पहले मैच में शनिवार को मेजबान जापान से भिड़ेगी। रानी ने कहा, ''हमने एक इकाई के रूप में अच्छी मेहनत की है और आगामी टूर्नामेंट हमें अच्छी टीमों से खेलने का मौका मुहैया करायेगा।

# भारत ने संयुक्तराष्ट के कोष को दिये 10 लाख डॉलर

**संयुक्तराष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र के निवासी समन्वय प्रणाली के लिये विशेष उद्देश्य न्यास कोष में 10 लाख डॉलर का योगदान दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत सैयद अकबरुद्दीन के स्थायी प्रतिनिधि ने मंगलवार को ट्वीट किया, ''ठोस योगदान। भारत संयुक्त राष्ट्र की विकास प्रणाली में सुधार के प्रति ठोस योगदान देकर खुश है।'' विश्व निकाय का यह कोष सभी भागीदारों के



योगदान तथा वित्तीय लेन-देन का पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से लेखा-जोखा रखने के लिये बनाया गया है।

# तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहन बनाने पुणे कारखाना में 70 करोड़ निवेश करेगी शादो ग्रुप

सिंगापुर ,14 अगस्त। सिंगापुर की कंपनी शादो ग्रुप की तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहन बनाने के लिये पुणे स्थित कारखाना में एक करोड़ डॉलर यानी करीब 70 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना है। कंपनी बुधवार को बेंगलुरू में अपने तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहन को प्रदर्शित करने वाली है। कंपनी के सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा कार्यकारी निदेशक सौरभ मार्कण्डेय ने बताया कि इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन को एरिक ब्रांड नाम से बाजार में उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके उत्पादन के लिये पुणे कारखाना में एक करोड़ डॉलर निवेश करने की योजना है। उन्होंने कहा कि कंपनी की योजना उभरती अर्थव्यवस्थाओं को इसका निर्यात करने की भी है। कंपनी ने सिंगापुर और मलक्का के अलावा बेंगलुरू में भी शोध केंद्र की शुरुआत की है। मार्कण्डेय ने बताया कि कंपनी पुणे कारखाना से प्रति माह एक हजार



इलेक्ट्रिक वाहन बनाने की प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा कि शून्य उत्सर्जन वाले इस वाहन को शहरी माहौल को ध्यान में रखते हुए डिजायन किया गया है।

# शुरुआती कारोबार में रुपया 55 पैसे मजबूत

**मुंबई (आरएनएस)।** कच्चा तेल की कम होती कीमतों तथा घरेलू शेयर बाजारों की सकारात्मक शुरुआत के कारण बुधवार को शुरुआती कारोबार में रुपया छह महीने के निचले स्तर से उबर गया और 55 पैसे की तेजी में रहा। मंगलवार को रुपया 62 पैसे गिरकर 71.40 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। यह रुपये का करीब छह महीने का निचला स्तर रहा।

बुधवार को शुरुआती कारोबार में रुपया इससे उबरते हुए 55 पैसे की बढ़त बनाकर 70.85 रुपये प्रति डॉलर पर चल रहा था। कारोबारियों ने कहा कि चीन के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों पर अमेरिका द्वारा शुल्क लगाने की समयसीमा 15 दिसंबर तक टालने से भी रुपये को मदद मिली। इसके अलावा घरेलू शेयर बाजारों की अच्छी शुरुआत, सकारात्मक वृहद आर्थिक आंकड़े तथा कच्चा तेल की नरमी से भी रुपये को समर्थन मिला।

हालांकि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की जारी बिकवाली से इसके ऊपर दबाव रहा। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को एफपीआई ने 638.28 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

# एनसीडी के जरिये 1,400 करोड़ रुपये जुटाएगी एलएंडटी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** निर्माण क्षेत्र की कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) की योजना निजी नियोजन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी कर 1,400 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाने की है। कंपनी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसकी योजना निजी नियोजन के आधार पर रेटिंग प्राप्त, सूचीबद्ध, असुरक्षित, भुनाने योग्य एनसीडी जारी कर 1,400 करोड़ रुपये जुटाने की है। हालांकि कंपनी ने पूंजी जुटाने की वजह के बारे में जानकारी नहीं दी।

# चीन का औद्योगिक उत्पादन 17 साल के निचले स्तर पर

**बीजिंग।** चीन में निवेश और खुदरा बिक्री में गिरावट के साथ ही औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर जुलाई महीने में 17 साल के निचले स्तर पर आ गयी। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में इसकी जानकारी मिली। आंकड़ों के अनुसार, जुलाई महीने में चीन के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 4.80 प्रतिशत रही। यह 2002 के बाद का सबसे निचला स्तर है। जून में यह दर 6.30 प्रतिशत रही थी। ब्लूमबर्ग न्यूज के एक सर्वेक्षण के अनुसार, जुलाई में चीन के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर छह प्रतिशत रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया था। आंकड़ों से इस बात के भी संकेत मिलते हैं कि चीन में उपभोक्ता मांग में गिरावट आ रही है। खुदरा बिक्री जून के 9.80 प्रतिशत की तुलना में तेजी से गिरी और जुलाई में 7.60 प्रतिशत पर आ गयी। इस दौरान दीर्घकालिक निवेश की वृद्धि दर भी कम होकर 5.70 प्रतिशत



पर आ गयी। चीन की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर दूसरी तिमाही में 6.20 प्रतिशत पर आ गयी। यह करीब तीन दशक की सबसे कम दर है।

# वॉकहार्ट का घाटा कम होकर पहली तिमाही में 45 करोड़ रहा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दवा कंपनी वॉकहार्ट का घाटा चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में कम होकर 44.98 करोड़ रुपये पर आ गया। कंपनी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने बीएसई को बताया कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसे 89.18 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। इस कंपनी की कुल आय आलोच्य तिमाही के दौरान 14.18 प्रतिशत कम





होकर 871.19 करोड़ रुपये पर आ गयी। कंपनी ने कहा कि अलोच्य अवधि के दौरान उसने दीर्घकालिक ऋण के एवज में 351 करोड़ रुपये का पुनर्भुगतान किया। अब कंपनी के ऊपर 2,119 करोड़ रुपये का दीर्घकालिक ऋण बकाया है।

# महिला टेनिस : गौफ को यूएस ओपन के लिए मिला वाइल्डकार्ड

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की युवा टेनिस खिलाड़ी कोको गौफ को साल के चौथे और आखिरी ग्रैंड स्लैम के लिए वाइल्डकार्ड दिया गया है। बीबीसी के अनुसार, 15 वर्षीय गौफ महिला एकल वर्ग में भाग लेंगी। उनके साथ 2011 की चैम्पियन आस्ट्रेलिया की समांथा स्टॉसर को भी मुख्य ड्रॉ के लिए वाइल्डकार्ड प्रदान किया गया है। साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम विम्बलडन में हमवतन दिग्गज वीनस विलियम्स को मात देने के बाद गौफ चर्चा में आई थी। उन्होंने टूर्नामेंट दमदार प्रदर्शन करते हुए चौथे दौर तक का सफर तय किया था। गौफ ओपन एरा में विम्बलडन के मुख्य ड्रॉ में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी हैं।

## आज का राशिफल

मेषः- मेष राशि वालों के लिए कार्य व्यापार में उन्नति का दिन है इसलिए आज आलस्य को हावी ना होने दें। आज किया हुआ कार्य अथवा लिया गया निर्णय आपको सफलता दिलाएगा।

वृषभः- आज आप किस्मत के धनी रहेंगे। नौकरी में अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। कुछ अच्छे अवसर मिल सकते हैं। कर्म करते जाएं और सब कुछ भाग्य पर छोड़ दें।

मिथुनः- बीते 2 दिनों से चली आ रही अनुकूलता के बाद आज का दिन चुनौतियों भरा रहेगा। हो सके तो आज यात्रा टाल दें। किसी से अनावश्यक वाद-विवाद में ना उलझें।

कर्कः- आज सुबह से ही आप उर्जावान महसूस करेंगे। उन्नतिदायक दिन है, हाथ आए अवसर को जानें ना दें। जीवनसाथी अथवा किसी प्रिय व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा, मन प्रसन्न रहेगा।

सिंहः- लंबे समय से चली आ रही परेशानियों का अंत होगा। कहीं धन फंसा हुआ है तो आज वापस मिल सकता है। अचानक कोई शुभ समाचार मिल सकता है। शत्रु एवं विरोधी आपसे दूर रहेंगे।

कन्याः- जल्दबाजी में कोई भी काम ना करें, नुकसान हो सकता है। लोगों का व्यवहार निराशाजनक रहेगा, वाणी की मधुरता से काम निकाल सकते हैं। सेहत के मामले में जोखिम से बचें।

तुलाः- आज सितारे अनुकूल नहीं हैं, व्यवहार और वाणी पर नियंत्रण रखें। भाई-बहनों से मतभेद हो सकता है। मानसिक तनाव और उलझन की स्थिति रहेगी। आपके लिए सलाह है कि भावुकता की बजाय व्यहारिकता से काम लें।

वृश्चिकः- आज दिन भर आप उर्जा और उत्साह से भरपूर रहेंगे। रुके हुए कार्य गति पकड़ेंगे। यात्रा में लाभ मिलेगा। भाईयों से सहयोग मिलेगा। कारोबारियों के लिए दिन व्यस्तता भरा होगा।

धनुः- आज का दिन संयम और समझदारी से बिताना होगा। जोखिम भरे काम से दूर रहें। आर्थिक लेन-देन में लिखित में करें। शेयर में निवेश करना आज जोखिम भरा फैसला हो सकता है।

मकरः- आज विरोधियों का पक्ष कमजोर होगा और आपके प्रभाव में वृद्धि होगी। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी। आर्थिक लाभ के योग हैं।

कुंभः- आज का दिन खर्चीला रहेगा, कई जरूरी और गैर जरूरी खर्चे हो सकते हैं। सोच-समझकर ही धन-निवेश करें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

मीनः- आज दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा। जो भी काम करेंगे उसमें पूरा लाभ मिलेगा। अगर धन निवेश करने की इच्छा है तो आज का दिन इसके लिए अच्छा है।

## टेस्टी बटाटा वड़ा बनाने की विधि...



### सामग्री :

250 ग्राम आलू उबले, 1/2 छोटा चम्मच जीरा, 1/2 छोटा चम्मच राई, 5-6 करीपत्ते, 2 बड़े चम्मच प्याज बारीक कतरा, 1 छोटा चम्मच अदरक व हरीमिर्च बारीक कटी, 1/4 छोटा चम्मच हलदी पाउडर, 1 बड़ा चम्मच धनियापत्ती बारीक कटी, 1 बड़ा चम्मच नीबू का रस, 1/2 छोटा चम्मच चाटमसाला, 1/2 छोटा चम्मच लालमिर्च पाउडर, 2 छोटे चम्मच रिफाइंड औयल, 1 कप वड़ा पाउडर, 1 बड़ा चम्मच धनियापत्ती बारीक कटी, 1/2 छोटा चम्मच हलदी पाउडर, 1 बड़ा चम्मच तिल, बटाटा फ्राई करने के लिए पर्याप्त रिफाइंड औयल, नमक स्वादानुसार

### विधि :

आलुओं को मोटामोटा फोड़ लें. एक नौनस्टिक कड़ाही में तेल गरम कर के जीरा, राई व करीपत्ते डालें. फिर प्याज, अदरक व हरीमिर्च डाल कर पारदर्शी होने तक भूनें.फिर हलदी पाउडर डाल कर आलुओं को भून लें. इस में नमक, मिर्च व नीबू का रस डालें. ठंडा कर के नीबू से थोड़े बड़े गोले बना लें.वड़ा पाउडर में पानी डाल कर गाढ़ा घोल बनाएं. इस में तिल और धनियापत्ती मिक्स करें.गरम तेल में प्रत्येक गोले को वड़ा पाउडर के घोल में लपेट कर गरम तेल में डीप फ्राई करें. बटाटा वड़े तैयार हैं.

## शब्द सामर्थ्य- 56

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | ■ | 14 | | | ■ | ■ |
| 15 | | 16 | | ■ | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 55 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | ■ | आ | वा | जा | ही | ■ | ■ |
| मा | ■ | खू | ब | ■ | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | ■ | ल | क्ष्य |
| ■ | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| ■ | बी | रा | न | ■ | ■ | च | ट | क |
| ■ | र | ब | ■ | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | ■ | ■ | आ | ग | ■ | दा | ना | ■ |
| ■ | अ | ग | र | म | ग | र | ■ | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | ■ | ■ | व | ध |

## सू-दोकू- 56

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.55 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |